भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 463
गुरूवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## पर्यटन उद्योग का विकास

**463 श्री के.आर. सुरेश रेड्डी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश का पर्यटन उद्योग एशिया प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख भागीदार बन गया है, जो चीनी पर्यटकों की अनुपस्थिति से उत्पन्न कमी को भर रहा है तथा उद्योग के समग्र विकास में योगदान दे रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): जी हां, भारत एशिया प्रशांत सहित पूरी दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करता है। वर्ष 2023 में एशिया प्रशांत के देशों सहित दुनिया भर से 9.24 मिलियन विदेशी पर्यटकों ने भारत की यात्रा की। इसके अलावा, एशिया प्रशांत क्षेत्र से ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, सिंगापुर, जापान, थाईलैंड और कोरिया (गणराज्य) भारत के शीर्ष 20 पर्यटन स्रोत देशों में शामिल है जो इनबाउंड पर्यटन के लिए स्रोत बाजार के रूप में इस क्षेत्र के महत्व को दर्शाते हैं। कुल 9.24 मिलियन विदेशी पर्यटकों में से एशिया प्रशांत क्षेत्र के उक्त 6 देशों से लगभग 1.22 मिलियन पर्यटकों ने भारत की यात्रा की।

पर्यटन मंत्रालय, वैश्विक पर्यटन बाज़ार में भारत की भागीदारी को बढ़ाने के लिए विभिन्न बाज़ारों में समग्र गंतव्य के रूप से भारत का संवर्धन करता है। इन उद्देश्यों को एकीकृत विपणन और संवर्धनात्मक कार्यनीति तथा हितधारकों एवं विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से समन्वित अभियान द्वारा पूरा किया जाता है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने दुनिया भर के पर्यटन से जुड़े पेशेवरों और व्यावसायिक हितधारकों को एक मंच प्रदान करते हुए 4-6 अक्तूबर 2023 को नई दिल्ली में प्रशांत एशिया यात्रा संघ (पीएटीए) ट्रैवल मार्ट के 46वें संस्करण की मेज़बानी भी की थी।

*****